अंतर्राष्ट्रीय छात्र

यह जानकारी छात्र (सबक्लास 500) या टेम्परारी ग्रेजुएट (सबक्लास 485) वीज़ा धारकों के लिए है।

नए छात्र वीज़ा के लिए आवेदन करना

COVID-19 के कारण, वीज़ा प्रसंस्करण का कुछ समय प्रभावित हुआ है। आवेदनों को अंतिम रूप देने में अधिक समय लग सकता है।

संपूर्ण आवेदन को तेजी से संसाधित किया जा सकेगा। हम छात्रों को घरेलू मामले विभाग (Department of Home Affairs) के पास संपूर्ण छात्र वीज़ा आवेदन भेजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आवश्यकताओं की जाँच करने के लिए छात्र दस्तावेज जाँचसूची उपकरण का उपयोग कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए वैश्विक वीज़ा प्रसंस्करण समयदेखें।

छात्र वीज़ा शुल्कमाफी

यदि आपके पास 1 फरवरी 2020 के दिन या उसके बाद छात्र वीज़ा था और आप COVID-19 के प्रभावों के कारण मूल वीज़ा की वैधता अवधि के अंदर अपना कोर्स पूरा करने में असमर्थ थे/थीं, तो हम वीज़ा आवेदन शुल्क में माफी देंगे ताकि आप एक और छात्र वीज़ा आवेदन जमा कर सकें। इसमें ये परिस्थितियां शामिल हैं, यदि:

- आपने यात्रा प्रतिबंधों के कारण ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने में असमर्थ होने के फलस्वरूप अपने अध्ययन को स्थगित कर दिया है
- आप पढ़ाई को पार्ट टाइम तौर पर करने के लिए बाध्य हो गए थे/थीं
- आप अपने कार्य-आधारित प्रशिक्षण या प्लेसमेंट को पूरा करने में असमर्थ थे/थीं।

यह दिशानिर्देश उन छात्रों के लिए अभिप्रेत नहीं है जो सामान्य कारणों से नए छात्र वीज़ा के लिए आवेदन कर रहे हैं (जिसमें ये कारण भी शामिल हैं कि आप किसी कोर्स या अध्ययन यूनिट में असफल रहे/रही हैं, या आपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से स्थगन किया था या आपने स्वेच्छा से अपने अध्ययन के भार (स्टडी लोड) को कम किया था)।

आपको छात्र वीज़ा के लिए आवेदन करना होगा, ताकि आपके शुल्क माफी के आवेदन पर विचार किया जा सके और अपने शिक्षा प्रदाता की ओर से पूरा भरा गया Form 1545 COVID-19 प्रभावित छात्र (Impacted Student) (228 KB PDF) संलग्न करना होगा।

यदि आप ऑस्ट्रेलिया के अंदर शुल्क माफी का आवेदन कर रहे/रही हैं, तो स्वतः रूप से ब्रिजिंग वीज़ा जारी नहीं किया जाएगा क्योंकि पहले शुल्क माफी की जांच करनी होगी।

यह शुल्क माफी केवल वीज़ा एप्लीकेशन चार्ज (VAC) पर ही लागू होती है।

इसके अलावा, जो छात्र वीज़ा धारक ऑस्ट्रेलिया के बाहर हैं और 19 जनवरी 2022 से लेकर 19 मार्च 2022 के बीच आगमन करते हैं, वे अपने VAC की वापसी के लिए पात्र हो सकते हैं। VAC वापसी के लिए कैसे आवेदन करें इसके बारे अधिक जानकारी के लिए, वापसी प्राप्त करें देखें।

प्रपत्र 1545 COVID-19

शिक्षा प्रदाताओं को इस बात के लिए संतुष्ट होने की आवश्यकता होगी कि आपके पास 1 फरवरी 2020 के दिन या उसके बाद छात्र वीज़ा था और आप COVID-19 के प्रभावों के कारण मूल वीज़ा की वैधता अवधि के अंदर अपना कोर्स पूरा करने में असमर्थ थे/थीं।

आप अपने पूरे भरे गए फॉर्म के साथ COVID-19 से संबंधित प्रभावों के विषय में और अधिक प्रमाण जमा कर सकते/सकती हैं।

अंग्रेज़ी परीक्षाएँ, बायोमेट्रिक्स और स्वास्थ्य जैसी अतिरिक्त जानकारी के लिए अनुकूलनीय समय-सीमाएँ

यदि आप COVID-19 के कारण अंग्रेज़ी भाषा परीक्षा देने में असमर्थ रहे थे/थीं, तो हम आपको परिणाम उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त समय देते हैं। यदि COVID-19 के कारण सेवाओं की सुलभता बाधित हुई है, तो बायोमेट्रिक्स संग्रह और स्वास्थ्य जांच के लिए अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा।

यदि आपने भविष्य में 28 दिनों से अधिक समय बाद इनमें से किसी सेवा के लिए एपॉइंटमेंट लिया है, तो आप अपने ImmiAccount में अपनी बुकिंग की पुष्टि संलग्न कर सकते/सकती हैं।

यदि आपको अतिरिक्त समय की आवश्यकता है, तो कृपया विभाग को सूचित करने के लिए ImmiAccount के माध्यम से, जानकारी के निवेदनों के उत्तर में बताएँ कि आपको इसकी आवश्यकता है।

वर्तमान वीज़ा धारक

कोविड-19 के कारण आरंभ तिथियों के लिए अनुकूलनीय व्यवस्थाएँ

विभाग यह समझता है कि कुछ विद्यार्थी कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण समय पर अपने अध्ययन का कोर्स आरंभ नहीं कर पाएंगे। यह सुनिश्चित करें कि आपके शिक्षा प्रदाता को पता रहे कि आप कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण अपनी पढ़ाई आरंभ नहीं कर सकते/सकती हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए विकल्प उपलब्ध हैं कि आप अपने वीज़ा की शर्तों का उल्लंघन नहीं कर रहे/रही हैं। आपका शिक्षा प्रदाता आपको इस बारे में बता सकता है कि आपकी परिस्थिति के आधार पर आपके लिए कौन से विकल्प उपलब्ध हैं।

यदि आपके पास छात्र वीज़ा है और आप कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण यात्रा नहीं कर सकते/सकती हैं, तो अपने शिक्षा प्रदाता से संपर्क करें। हर समय अध्ययन के लिए अनुमोदित कोर्स में नामांकित रहना सुनिश्चित करें।

इस बात का ध्यान रखें कि हम आपका वीज़ा रद्द कर सकते हैं, यदि आप:

- समय पर पढ़ाई आरंभ नहीं करते/करती हैं या
- आपके पास वर्तमान या सक्रिय Confirmation of Enrolment (CoE) नहीं है।

ऐसा न हो सके, इसके लिए आपका शिक्षा प्रदाता आपकी मदद करेगा।

यदि आप ऑस्ट्रेलिया के बाहर हैं और आपने सक्रिय या वर्तमान CoE की व्यवस्था नहीं की है, तो VEVO पर अपनी वीज़ा पदस्थिति की जांच करें। कोई भी यात्रा योजना बनाने से पहले ऐसा करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपकी वीज़ा की पदस्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

अधिक जानकारी के लिए आपकी अध्ययन स्थिति बदल गई है देखें।

छात्र वीज़ा की शर्तें

COVID-19 प्रतिबंधों के कारण छात्र वीज़ा शर्तें पूरी न कर पाने की स्थिति में हम एक अनुकूलनीय दृष्टिकोण अपना रहे हैं। आप अपने छात्र वीज़ा की शर्तों के उल्लंघन में नहीं होंगे/होंगी, यदि:

- आपके पास एक अनुमोदित पाठ्यक्रम स्थगन है
- आप ऑनलाइन अध्ययन कर रहे/रही हैं।

वर्तमान कार्यबल की कमी के कारण, सरकार अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में छात्र वीजा धारक के काम के घंटों पर लगे सीमा को अस्थायी रूप से हटा रही है। अधिक जानकारी के लिए छात्रों और वर्किंग हॉलिडे मेकर्स के लिए वीज़ा कार्य शर्तों में अस्थायी परिवर्तन देखें। यह वर्तमान में सभी छात्रों और नए आने वाले उन छात्रों के

लिए एक अस्थायी उपाय है, जो कोर्स आरंभ करने से पहले काम ढूंढना चाहते हैं और काम शुरू करना चाहते हैं। इसकी समीक्षा अप्रैल 2022 में की जाएगी। इसमें द्वितीयक आवेदक भी शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए छात्र वीजा धारकों के लिए काम के घंटों में अस्थायी छूट देखें।

छात्रों के लिए वीज़ा एप्लीकेशन चार्ज वापसी

कोविड-19 के कारण कार्यबल में वर्तमान कमी को दूर करने में सहायता के उद्देश्य से सरकार छात्र वीज़ा धारकों को यथाशीघ्र ऑस्ट्रेलिया वापिस आने के लिए प्रोत्साहन दे रही है।

कोई भी छात्र वीज़ा धारक जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया से बाहर है और 19 जनवरी 2022 से ले कर 19 मार्च 2022 के बीच आगमन करता है, वो अपने वीज़ा एप्लीकेशन चार्ज (VAC) की वापसी के लिए पात्र हो सकता है। आप 31 दिसंबर 2022 तक रिफंड के लिए आवेदन करने में सक्षम होंगे/होंगी। VAC वापसी के लिए कैसे आवेदन करें इसके बारे अधिक जानकारी के लिए, वापसी प्राप्त करें देखें।

हमें सूचित कब करें

अगर आप घर वापस चले जाते/जाती हैं या आपके अध्ययन की स्थिति में कोई परिवर्तन होता है तो आपको इसके बारे में हमें बताने की आवश्यकता नहीं है। आपका वीज़ा तब तक मान्य रहता है, जब तक आप एक अन्य वीज़ा के लिए आवेदन जमा नहीं करते/करती हैं, या आपके वीज़ा की अवधि समाप्त नहीं हो जाती है। यदि आप अपने गृहदेश वापिस चले जाते/चली जाती हैं या यदि आप अपना अध्ययन स्थगित कर देते/देती हैं, तो आपके वीज़ा की पदस्थिति नहीं बदलेगी।

शिक्षा प्रदाता एक नई (CoE)] जारी कर सकते हैं और छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन करने के लिए भर्ती कर सकते हैं। यदि आपके पास एक वैध छात्र वीज़ा है, तो आपका शिक्षा प्रदाता हमें आपके नए नामांकन की पुष्टि (CoE) प्रदान करेगा।

यदि आपके पास एक खुला छात्र वीज़ा आवेदन है, तो आप अपने नए (CoE) को ImmiAccount में अपने आवेदन में संलग्न कर सकते/सकती हैं।

और अधिक जानकारी

अनेकों सरकारी एजेंसियों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए सूचना उपलब्ध है, जिनमें शामिल हैं:

- नवीनतम समाचार, अपडेटों और सलाह के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की COVID-19 वेबसाइट।
- शिक्षा, कुशलताएँ और रोजगार विभाग [Department of Education, Skills and Employment]और ईमेल international.students@dese.gov.au
- विदेशी छात्र स्वास्थ्य कवर [Overseas Student Health Cover] के लिए स्वास्थ्य विभाग [Department of Health]

- COVID-19 से संबंधित शिकायतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी लोकपाल [nternational Student Ombudsman]
- समर्थन सेवाओं से जुड़ी जानकारी के लिए अध्ययन ऑस्ट्रेलिया [Study Australia]।

वित्तीय सहायता

यदि आप ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन और कार्य कर रहे/रही हैं, तो आप आर्थिक समर्थन का उपयोग करने में सक्षम हो सकते/सकती हैं यदि:

- आपको आत्म-अलगाव (सेल्फ-आइसोलेट) करने की आवश्यकता है या आप COVID-19 से संक्रमित किसी व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं (महामारी अवकाश आपदा भुगतान) या
- आप राज्य के जनस्वास्थ्य आदेश से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए/हुई हैं और आप सात दिनों से अधिक समय के लिए लॉकडाउन में हैं (COVID-19 आपदा भुगतान)।

वित्तीय समर्थन भुगतानों और पात्रता मानदंडों के बारे में और अधिक विवरण के लिए Centrelink भुगतान और सेवाएँ देखें।

छात्र आगमन योजनाएँ

यदि आपके पास छात्र वीजा है और आप fअंतरराष्ट्रीय यात्रा उद्देश्यों के लिए, ऑस्ट्रेलिया की पूरी तरह से टीकाकरण की परिभाषा को पूरा नहीं करते हैं, तो आप अंतरराष्ट्रीय छात्र आगमन योजना के तहत ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने के योग्य हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र वीज़ा देखें।

अस्थायी स्नातक वीज़ा प्रतिस्थापन और विस्तार

यदि आपके पास अस्थायी स्नातक वीज़ा है, तो आप प्रतिस्थापन वीज़ा या वीज़ा विस्तार के लिए पात्र हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अस्थाई स्नातक वीज़ा देखें।